Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct railway over bridge at Samsi railway station in Malda Parliamenty Constituency.

श्रीमती मौसम नूर (माल्दहा): महोदया, उत्तर माल्दहा मेरा संसदीय क्षेत्र है। मैं अपने क्षेत्र से संबंधित जरूरी विषय पर बोलना चाहती हूं। समसी रेलवे ओवर ब्रिज वर्ष 2012 के रेलवे बजट में सैंक्शन हुआ था लेकिन छह साल का समय बीत जाने के बाद आज भी काम शुरू नहीं हुआ है। समसी रेलवे क्रासिंग पर हर रोज लोग घंटों फंसे रहते हैं, विशेषकर विद्यार्थी और मरीजों को बहुत परेशानी होती है। समसी का रास्ता पूरे माल्दहा को नार्थ बंगाल और बिहार से कनेक्ट करता है। यह हमारी बहुत पुरानी मांग है और मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगी कि यह काम जल्द से जल्द शुरू किया जाए।